15 स्टार्टअप ने बनाई फाइनल में जगह

जयपुर@पत्रिका. फोर्टी स्टार्टअप एंड इनोवेशन कम्पिटिशन में 15 स्टार्टअप्स ने फाइनल राउंड में जगह बनाई है। प्रतियोगिता में देशभर के 300 से ज्यादा स्टार्टअप्स और इनोवेटर्स भाग ले रहे हैं, दो दिन तक चले दूसरे राउंड में जूरी मेम्बर्स ने 15 स्टार्टअप्स को फाइनल राउंड के लिए चुना। जूरी मेम्बर्स में सुरजाराम मील, आइसी अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल शामिल थे। दूसरे राउंड के लिए करीब 70 स्टार्टअप ने क्वालिफाइ किया। अब केवल 15 स्टार्टअप्स को फाइनल राउंड के लिए चुना गया है। मई के पहले हफ्ते में फाइनल राउंड का भव्य आयोजन होगा। जिसके विजेता को एक लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।